# बिहार राज्य निर्वाचन प्राधिकार

**32, हार्डिंग रोड, पटना-800001**

फोन- 0612-2231563, फैक्स नं० : 2231562, http//:bsea.bihar.gov.in. Email-bseapatna@gmail.com

पटना/ दिनांक 23/12/2025

## अधिसूचना

संख्या-नि० प्रा०/नि० 1-23/2023 3277 बिहार राज्य निर्वाचन प्राधिकार अधिनियम, 2008 की धारा- 4 की उप धारा-1 तथा बिहार राज्य निर्वाचन प्राधिकार नियमावली, 2008 के नियम 3 के अनुसार बिहार राज्य निर्वाचन प्राधिकार के द्वारा सहकारी सोसाइटी, शिक्षा समिति, स्वास्थ्य समिति या अन्य किसी संस्था या संगठन या स्थापना या ऐसे निकायों या उनके समूह, जिसके संबंध में राज्य सरकार अधिसूचना द्वारा विनिश्चय करें, में प्रबंध समिति का निर्वाचन कराना है। उक्त प्रावधानों के तहत सामान्य प्रशासन विभाग की अधिसूचना संख्या- 2025 दिनांक 25.05.2010 द्वारा बिहार राज्य निर्वाचन प्राधिकार को पटना साहिब स्थित तख्त श्री हरिमंदिर जी, पटना साहिब की प्रबंधक कमिटी का चुनाव कराने का दायित्व सौंपा गया।

2. समादेश याचिका संख्या- 18827/2008 मनोहर सिंह -बनाम- राज्य सरकार एवं अन्य में दिनांक 07.12.2010 को माननीय उच्च न्यायालय द्वारा पारित न्याय निर्णय द्वारा भी तख्त श्री हरिमंदिर जी, पटना साहिब की प्रबंधक कमिटी का चुनाव का दायित्व बिहार राज्य निर्वाचन प्राधिकार को सौंपा गया।

3. उक्त परिप्रेक्ष्य में बिहार राज्य निर्वाचन प्राधिकार अधिनियम, 2008 (बिहार अधिनियम-14, 2008) की धारा- 5 (2) एवं बिहार राज्य निर्वाचन प्राधिकार नियमावली, 2008 के नियम 6 (2) के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए तख्त श्री हरिमंदिर जी, पटना साहिब के प्रबंधक कमिटी के पॉच निर्वाचन क्षेत्रों यथा:-

(i) निर्वाचन क्षेत्र संख्या- 1
(ii) निर्वाचन क्षेत्र संख्या- 2
(iii) निर्वाचन क्षेत्र संख्या- 3
(iv) उत्तर बिहार के सिंह सभा निर्वाचन क्षेत्र
(v) दक्षिण बिहार के सिंह सभा निर्वाचन क्षेत्र

के निर्वाचन संचालन के लिए जिला पदाधिकारी, पटना को निर्वाचन पदाधिकारी (तख्त श्री हरिमंदिर जी, पटना साहिब) पदनामित किया जाता है।

4. तख्त श्री हरिमंदिर जी, पटना साहिब के प्रबंधक कमिटी के पॉच निर्वाचन क्षेत्रों के निर्वाचन संचालन के लिए अनुमंडल पदाधिकारी, पटना सिटी को जिला उप निर्वाचन पदाधिकारी पदनामित किया जाता है। जिला उप निर्वाचन पदाधिकारी, निर्वाचन पदाधिकारी (तख्त श्री हरिमंदिर जी, पटना साहिब) के निर्देशन एवं नियंत्रण में तख्त श्री हरिमंदिर जी, पटना साहिब के प्रबंधक कमिटी का चुनाव संबंधी कार्य करेंगे।

5. तख्त श्री हरिमंदिर जी, पटना साहिब के प्रबंधक कमिटी के निर्वाचन से संबंधित सभी कार्य उपर्युक्त पदनामित पदाधिकारी बिहार राज्य निर्वाचन प्राधिकार अधिनियम, 2008 की धारा-4 के अंतर्गत बिहार राज्य निर्वाचन प्राधिकार के पर्यवेक्षण, निदेशन एवं नियंत्रण में संचालित करेंगे।

6. प्राधिकार द्वारा इस विषयक पूर्व से निर्गत अधिसूचना संख्या-6294 दिनांक 08.04.2011 एवं अधिसूचना संख्या- 9076 दिनांक 30.09.2011 को इस हद तक संशोधित समझा जाए।

23.12.25

(कयूम अंसारी)
संयुक्त सचिव।

ज्ञापांक : 3277 पटना/ दिनांक 23/12/2025

प्रतिलिपि : ई-गजट शाखा, वित्त विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित। उनसे अनुरोध है कि प्रकाशित अधिसूचना की 50 प्रतियाँ प्राधिकार को उपलब्ध कराने की कृपा की जाय।

23.12.25

संयुक्त सचिव।

ज्ञापांक : 3277 पटना/ दिनांक 23/12/2025

प्रतिलिपि : प्रमंडलीय आयुक्त, पटना प्रमंडल पटना/ जिला पदाधिकारी, पटना/ महासचिव, तख्त श्री हरिमंदिर जी, पटना साहिब को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

23.12.25

संयुक्त सचिव।

ज्ञापांक : 3277 पटना/ दिनांक 23/12/2025

प्रतिलिपि: अपर मुख्य सचिव, गृह विभाग, बिहार, पटना/ अपर मुख्य सचिव, सामान्य प्रशासन विभाग, बिहार, पटना/ पुलिस महानिदेशक, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

23.12.25

संयुक्त सचिव।

ज्ञापांक : 3277 पटना/ दिनांक 23/12/2025

प्रतिलिपि: मुख्य चुनाव पदाधिकारी, बिहार राज्य निर्वाचन प्राधिकार, पटना के कोषांग/ परामर्शी/ अवर सचिव/ सभी प्रशाखा पदाधिकारी, बिहार राज्य निर्वाचन प्राधिकार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

23.12.25

संयुक्त सचिव।

ज्ञापांक : 3277 /पटना, दिनांक 23/12/2025

प्रतिलिपि: श्री वेद प्रकाश, आई.टी. प्रोफेशनल को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित। उन्हें निदेश दिया जाता है कि जिला पदाधिकारी, पटना को यूजर नेम एवं पासवर्ड दिनांक 30.12.2025 तक उपलब्धा कराना सुनिश्चित करेंगे।

23.12.25

संयुक्त सचिव।